# राजस्थान सरकार

# कालेज शिक्षा विभाग, जयपुर

**विद्यार्थी हित–केन्द्री अथवा संस्था/संकाय सदस्य विकास हेतु राजकीय महाविद्यालयों द्वारा क्रियान्वित/प्रारम्भ किये गये श्रेष्ठ कार्य (Best Practice)/कार्यक्रम/नवाचार की जानकारी प्रेषित करने का प्रारूप**

| | | |
|---|---|---|
| 1. महाविद्यालय का नाम | : | राजकीय महाविद्यालय बून्दी |
| 2. स्थान का नाम एवं जिला | : | स्थान : बून्दी    जिला : बून्दी |
| 3. क्या महाविद्यालय 2f एवं 12B मान्यता प्राप्त है? | : | 2f हॉं ☐  नही ☐  12B हॉं ☐  नही ☐ |
| **4.** महाविद्यालय द्वार क्रियान्वित/प्रारम्भ किया गया श्रेष्ठ | : | A विद्यार्थी हित – केन्द्री : **कैंपस प्लेसमेन्ट शिविर** |
| कार्य (Best Practice)/कार्यक्रम/नवाचार का नाम | : | B संकाय सदस्य – केन्द्रित कार्यक्रमः **शिक्षक दक्षता संवर्द्धन कार्यशाला** |
| (अधिकतम 03 का उल्लेख करे) | : | C संस्था – केन्द्रित कार्यक्रमः **विद्यार्थियों की उपलब्धियां एवं मूल्यांकन कार्यशाला** |

5. **क्रियान्वित/प्रारम्भ किये गये श्रेष्ठ कार्य (Best Practice)/कार्यक्रम/नवाचार का विवरण :– विद्यार्थी हित–केन्द्री नवाचार**

## A. कैंपस प्लेसमेन्ट शिविर

**राजस्थान सरकार एवं आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर द्वारा राजकीय महाविद्यालयों में विद्यार्थियों हेतु विभिन्न रोजगारोन्मुखी कौशल कार्यक्रमों की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किया जा रहा है। इस दिशा में राजकीय महाविद्यालय बून्दी में RACE के समन्वय से नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से सत्र 2019–20 में कुल पांच शिविर आयोजित किये गये।**

**A (Best Practice) नवाचार के प्रारम्भ होने की तिथि एवं वर्ष :– सत्र 2019–20**

**B (Best Practice) नवाचार को प्रारम्भ करने के उददेश्य :–**

- विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान करना।
- समाज में राजकीय महाविद्यालयों में रोजगारपरक शिक्षा एवं कौशल कार्यक्रमों की उपयोगिता को सिद्ध करना।
- रोजगार प्रदान करने वाली विभिन्न सरकारी एवं गैर–सरकारी कम्पनियों को राजकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को अवसर प्रदान करने के प्रति रूझान पैदा करना।

**C क्रियान्वयन की रूपरेखा/योजना प्रारूपः–**

- आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के आदेशानुसार राजकीय महाविद्यालय बून्दी को रेस योजनान्तर्गत बून्दी जिले के नोडल केन्द्र के रूप में स्थापित किया गया। जिसके निर्देशानुसार महाविद्यालय में स्थापित नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ के अन्तर्गत संचालित प्लेसमेन्ट सेल के माध्यम से विद्यार्थियों के हितार्थ महाविद्यालय परिसर में बाहर से विभिन्न कम्पनियों को आंमन्त्रित कर रोजगार उपलब्ध कराना है। इस क्रम में निम्न नवाचार प्रकोष्ठ समिति ने सत्र 2019–20 में नियमित अन्तराल पर विभिन्न एजेन्सियों से सम्पर्क स्थापित कर विद्यार्थी–हितार्थ उक्त कार्य करने का संकल्प लिया –

  प्रभारी– डॉ बृज किशोर शर्मा, सह आचार्य–रसायन शास्त्र

  समिति सदस्य– डॉ दिलीप कुमार राठौड़, सहायक आचार्य– वनस्पति शास्त्र

  डॉ विकास कुमार शर्मा, सहायक आचार्य– राजनीति विज्ञान

  डॉ संजय भल्ला, सहायक आचार्य– एबीएसटी

  डॉ. ज्योति, सहायक आचार्य– भौतिक विज्ञान

  श्री राजेन्द्र, सहायक आचार्य– गणित

  डॉ नितिका सिंह, सहायक आचार्य– वनस्पति शास्त्र

- उक्त समिति के सदस्य डॉ दिलीप कुमार राठौड़ द्वारा विभिन्न एजेन्सियों जैसे–एनआईआईटी जयपुर, हायरमी, द बिगिनर्स इत्यादि से सम्पर्क स्थापित किया गया जो क्रमशः आईसीआईसीआई बैंक, जस्ट

डायल, एसबीआई केपीटल में विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु महाविद्यालय कैंपस में प्लेसमेंट की इच्छा जाहिर की। इस  सम्बन्ध में एजेन्सियों द्वारा समय–समय पर प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय बून्दी को पत्र भेजकर पूर्ण विवरण के साथ निवेदन किया तथा प्रकोष्ठ से समन्वय स्थापित कर समय व दिनांक का निर्धारण कर शिविर आयोजन का निर्णय लिया गया।

- सत्र 2019–20 में प्रकोष्ठ द्वारा विभिन्न एजेन्सियों के माध्यम से महाविद्यालय कैंपस में कुल पांच बार प्लेसमेंट शिविर आयोजित किये गये। नियोक्ता कम्पनियों द्वारा निम्नानुसार पद, योग्यता, वार्षिक पैकेज इत्यादि विवरण इस प्रकार है–

| क्र.सं. | नियोक्ता कम्पनी का नाम | एजेन्सी का नाम | पद | योग्यता | वार्षिक पैकेज |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आईसीआईसीआई बैंक | एनआईआईटी जयपुर | सीनियर ऑफिसर (ऑपरेशन ब्रांच) | स्नातक / स्नातकोतर | 2.24 से 2.48 लाख रू |
| 2. | जस्ट डायल | हायरमी | Certified Internet Consultant (Field Sales) | स्नातक | 3.60 लाख रू |
| 3. | एसबीआई केपीटल | द बिगिनर्स | Branch Floor Manager | स्नातक अन्तिम वर्ष / स्नातक उतीर्ण | रू 2 लाख |

- समिति सदस्यों द्वारा पूर्व में स्नातक / स्नातकोतर उतीर्ण विद्यार्थियों की सूचियां निकालकर मोबाईल नम्बरों पर प्रत्येक विद्यार्थी से कॉल करके तथा मैसेज द्वारा प्रत्येक शिविर के आयोजन से पूर्व सम्पर्क स्थापित किया गया। साथ ही उक्त कैंपस प्लेसमेन्ट शिविर का पेम्पलेट छपवाकर, महाविद्यालय नोटिस बोर्ड पर सूचना चस्पाकर, महाविद्यालय वेबसाईट पर सूचना अपडेट कर, सोशल मीडिया तथा स्थानीय पत्र–पत्रिकाओं में व्यापक प्रचार–प्रसार किया गया।
- प्लेसमेंट शिविरों का आयोजन निम्नानुसार किया गया–

| क्र.सं. | नियोक्ता कम्पनी | एजेन्सी | आयोजन दिनांक | कुल उपस्थित आवेदक | कुल चयनित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आईसीआईसीआई बैंक | एनआईआईटी जयपुर | 28.09.2019 | 58 | 05 |
| 2. | आईसीआईसीआई बैंक | एनआईआईटी जयपुर | 16.10.2019 | 42 | 02 |
| 3. | जस्ट डायल | हायरमी | 24.12.2019 | 73 | 01 |
| 4. | एसबीआई केपीटल | द बिगिनर्स | 13.01.2020 | 35 | 04 |
| 5. | आईसीआईसीआई बैंक एवं एसबीआई केपीटल | एनआईआईटी जयपुर | 15.02.2020 | 49 | 05 |
| 6. | आईसीआईसीआई बैंक | दी टाइम्स प्रो, जयपुर | 14.03.2020 | 22 | 5 |

- इस शिविर में सलेक्शन प्रक्रिया चार चरणों–ग्रुप डिसक्शन, रिटन टेस्ट, कम्प्यूटर टेस्ट तथा अन्त में उच्च अधिकारी द्वारा ऑनलाईन लाईव इन्टरव्यू द्वारा पूर्ण किया गया।
- प्रत्येक शिविर का आयोजन महाविद्यालय के सेमीनार हॉल में किया गया, जिसमें ग्रुप डिसक्शन व रिटन टेस्ट से स्क्रूटनिंग करने के पश्चात् अन्तिम दोनों चरण महाविद्यालय की कम्प्यूटर लैब/ई–क्लास में किये पूर्ण किये गये।
- इस दौरान प्रकोष्ठ समिति द्वारा भाग लेने वाले सभी आवेदकों का पंजीकरण एवं फीडबैक परफॉर्मा भी भरवाकर रिकॉर्ड में लिया गया।
- प्रत्येक शिविर के समापन में लगभग 8–10 घण्टे का समय लगता था, प्रकोष्ठ समिति सदस्यों द्वारा पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ सभी शिविर आयोजित कराये गये।

**D वित्तीय संसाधनः आवश्यकता स्त्रोत एवं व्ययः–**

महाविद्यालय में स्नातक अन्तिम वर्ष में अध्ययनरत् तथा उतीर्ण विद्यार्थियों के हितार्थ एवं कॉलेज कम्यूनिटि कनेक्ट कार्यक्रम में अभिभावकों से प्राप्त सुझावों के आधार पर प्लेसमेंट सेल तथा नवाचार प्रकोष्ठ द्वारा सार्थक प्रयास किया गया। इस हेतु महाविद्यालय से अन्य कोई आवश्यक राशि की मांग नहीं की गई, महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों की निम्नानुसार आवश्यकता रही–

***आवश्यकताः***

- 8–10 कम्प्यूटर सहित लैब जिसमें पॉवर बैकअप, हेडफोन/ईयरफोन, हाईस्पीड इन्टरनेट कनेक्टिविटी की सुविधा।
- ग्रुप डिसक्शन एंव रिर्टन टेस्ट से स्क्रूटनिंग हेतु एक बड़े हॉल, बेनर, टेबल व चैयर की व्यवस्था।
- कम्प्युटर सहायक।

***स्त्रोतः***

- कम्प्युटर लैब– महाविद्यालय के कमरा नम्बर 13 में स्थापित कम्प्यूटर लेब।
- महाविद्यालय के पुस्तकालय भवन के उपर स्थित सेमीनार हॉल।
- अन्य संसाधनों की व्यवस्था नवाचार प्रकोष्ठ तथा ई–क्लास से की गई।

***व्ययः***

- किसी भी प्रकार का कोई व्यय नहीं किया गया।

**E (Best Practice) नवाचार से लाभार्थी कौन ?** महाविद्यालय में अध्ययनरत् स्नातक अन्तिम वर्ष के विद्यार्थी, महाविद्यालय से पूर्व में उतीर्ण तथा अन्य स्नातक/स्नातकोतर उतीर्ण विद्यार्थी।

**F (Best Practice) नवाचार की क्रियान्वित में संलग्न मानव संसाधन (प्रत्येक कार्यक्रमवार संलग्न व्यक्तियों के नामों का उल्लेख करे) :**

- कैंपस प्लेसमेंट शिविर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय का आयोजन – **डॉ0 दिलीप कुमार राठौड, प्रभारी–नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ तथा नोडल अधिकारी–ई क्लास एवं सहायक आचार्य–वनस्पति शास्त्र।**
- कैंपस प्लेसमेंट शिविर चतुर्थ एंव पंचम का आयोजन – **डॉ0 बृजकिशोर शर्मा, प्रभारी–नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ एवं सहा आचार्य–रसायन शास्त्र।**
- विद्यार्थियों की मोबाईल नम्बर की सूचियां तैयार करना– **डॉ0 दिलीप कुमार राठौड एवं दिलशाद शेरवानी, कम्प्यूटर सहायक।**

- एजेन्सियों से सम्पर्क स्थापित कर शिविर आयोजित करने के समय, स्थान व दिनांक का निर्धारण करना, विभिन्न माध्यमों द्वारा कैंपस प्लेसमेन्ट शिविर का प्रचार–प्रसार करना, फोटोग्राफी की व्यवस्था, शिविर समाप्ति के पश्चात् प्रेस नोट जारी करना–डॉ दिलीप कुमार राठौड़।
- विद्यार्थियों से मोबाईल पर कॉल/मैसेज से सूचना देना– प्रभारी डॉ बृज किशोर शर्मा, सह आचार्य–रसायन शास्त्र, समिति सदस्य– डॉ दिलीप कुमार राठौड़, सहायक आचार्य– वनस्पति शास्त्रए, डॉ विकास कुमार शर्मा, सहायक आचार्य– राजनीति विज्ञान, डॉ संजय भल्ला, सहायक आचार्य– एबीएसटी, डॉ. ज्योति, सहायक आचार्य– भौतिक विज्ञान, श्री राजेन्द्र, सहायक आचार्य– गणित, डॉ नितिका सिंह, सहायक आचार्य– वनस्पति शास्त्र तथा दिलशाद शेरवानी–कम्प्यूटर सहायक।

**G क्रियान्वयन के दौरान चिन्हित समस्याएं एवं समाधान –**

***समस्याएः***

- विद्यार्थियों में व्यक्तित्व विकास से सम्बन्धित विभिन्न कौशल जैसे– बायोडेटा बनाना, ड्रेसिंग, आत्मविश्वास, भाषा सम्प्रेषण इत्यादि की कमी होना।
- विद्यार्थियों में पारम्परिक पाठ्यक्रमों जैसे बीए/बीएससी/बीकॉम/बीएड/एसटीसी की लीक से हटकर अन्य कौशल विकास आधारित प्रोफेशनल कॉर्सेज के बारे मे जानकारी ग्रहण करने व रूचि न लेने की प्रवृति।
- विद्यार्थियो मे सरकारी नौकरी की चाह के चलते प्राईवेट नौकरी को प्राथमिकता नही देना।

***समाधान :***

- महाविद्यालय में व्यक्तित्व विकास से सम्बन्धित कौशल कार्यक्रमों का वर्ष भर आयोजन करवाना।
- इसमें नवाचार एंव कौशल विकास प्रकोष्ठ के माध्यम से सेमीनार/वर्कशाप का आयोजन कराना।
- पूर्व में महाविद्यालयों में स्थापित युवा विकास केन्द्र के अन्तर्गत जारी राशि की तरह ही नवाचार प्रकोष्ठ को भी प्रतिवर्ष कुछ राशि आंवटित की जानी चाहिये जिससे विद्यार्थी हितार्थ कार्यक्रमों का आयोजन करवाये जा सके।
- विद्यार्थियो को ऐसे कौशल कार्यक्रमों से प्रशिक्षित कर स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया जा सकता है।

**H क्रियान्वयन से लाभ/उपलब्धि :**

राजकीय महाविद्यालय बून्दी जिसमें अधिकतर विद्यार्थी ग्रामीण परिवेश से है। ऐसे विद्यार्थियों के हितार्थ नवाचार के रूप में कैंपस प्लेसमेन्ट शिविर का आयोजन कराना महाविद्यालय की बड़ी उपलब्धि रहीं। इससे न केवल महाविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों में प्रेरणा एवं आत्मविश्वास की बढ़ोतरी हुई है बल्कि समाज में राजकीय महाविद्यालय बून्दी को भी एक अलग पहचान मिली है। आज यह महाविद्यालय प्लेसमेन्ट केन्द्र के रूप में उभर कर आया है।

- बेरोजगार छात्र–छात्राओं को विभिन्न कम्पनियों में जाने का अवसर प्रदान करने का एक प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया गया।
- विभिन्न कम्पनियों/एजेन्सियों द्वारा राजकीय महाविद्यालय बून्दी के नवाचार प्रकोष्ठ से मिले सहयोग का पत्र भेजकर प्रशंसा की गई।
- आज रोजगार प्रदान करने वाली एजेन्सियां राजकीय महाविद्यालय बून्दी को प्राथमिकता प्रदान करती है। यह महाविद्यालय के लिये गौरव की बात है।
- महाविद्यालय से उतीर्ण विद्यार्थियों का जुड़ाव बढ़ा है।

**I (Best Practice) नवाचार की लाभार्थी वर्ग तक जानकारी पहूँचाने हेतु किये गये प्रचार–प्रसार का माध्यम एवं पुनरावृति –**

- महाविद्यालय सूचना पट्ट।
- नवाचार प्रकोष्ठ सदस्यों द्वारा पिछले 4 वर्षों में स्नातक उतीर्ण विद्यार्थियों की सूची महाविद्यालय के अकादमिक सेक्शन से प्राप्त कर प्रत्येक से मोबाईल पर कॉल तथा मैसेज भेजकर सम्पर्क किया गया।
- सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, वाट्सअप के न्यूज ग्रुप्स में हर बार सूचना का अधिकाधिक प्रचार किया गया।
- महाविद्यालय के वेबपेज पर प्रत्येक कैंप की सूचना तथा पूर्व में आयोजित कैंप में चयनित की सूचना अपलोड की गई। जिससे विद्यार्थियों का रूझान इस ओर अधिकाधिक हो।
- स्थानीय समाचार पत्रों जैसे–राजस्थान पत्रिका, दैनिक भास्कर, दैनिक नवज्योति तथा राजमार्ग में लगातार प्रेस नोट भेजकर व्यापक प्रचार–प्रसार किया गया।

**J (Best Practice) नवाचार का फोटो/वीडियों रिकार्ड हो तो संलग्न करे –** ***फोटो संलग्न।***

**K (Best Practice) नवाचार के लिये किसी विभाग/संस्था/गणमान्य व्यक्ति द्वारा दिया गया प्रशस्ति पत्र अथवा सार्वजनिक उल्लेख –**

- प्लेसमेन्ट शिविर की एजेन्सी द्वारा ईमेल भेजकर नवाचार प्रकोष्ठ के सराहनीय पहल एवं सार्थक योगदान के लिये सकारात्मक फीडबैक के साथ–साथ प्रशंसा भी की गई।

**L लाभार्थी वर्ग की प्रतिक्रिया –** प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियो द्वारा भरे गये फीडबैक की कुछ प्रतियां संलग्न है।

**M अन्य प्रतिक्रिया – NIL**

**N विशेष उल्लेख –**


राजकीय महाविद्यालय बून्दी छात्र हित में ऐसे ओर भी नवाचारो पर कार्य कर रहा है जैसे–

- पर्यावरण एवं ऑरगेनिक फॉर्मिंग के क्षेत्र में कार्य कर रहे एनजीओ गिरिजन स्वैच्छिक संस्थान, गांव–सिघाड़ी, जिला बून्दी के साथ नवाचार एवं कौशल प्रकोष्ठ पिछले सत्र से कार्य कर रहा है। यह एनजीओ, विज्ञान एवं तकनीकी विभाग, नई दिल्ली के सहयोग से प्रोजक्ट्स पर कार्य करता है। इस एनजीओ द्वारा 05 दिवसीय आवासीय 'ईको स्टूडियो नेक्सट प्रशिक्षण' शिविर आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय के 11 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन विद्यार्थियों में से 4 विद्यार्थियों का डीएसटी द्वारा रू 5000/– राष्ट्रीय फैलोशिप में चयन हुआ जो पर्यावरण आधारित विभिन्न प्रोजक्ट्स पर कार्य कर रहे है।
- विद्यार्थियों तक रोजगार से सम्बन्धित विभिन्न सरकारी/गैर–सरकारी संगठनों/उपक्रमों द्वारा जारी विज्ञापनों अथवा भर्तियों की सूचना पहुंचाने की दिशा में कार्य करते हुये महाविद्यालय के पोर्च में रोजगार सूचना–पट्ट लगाया गया है। जिस पर नियमित रूप से विभिन्न विज्ञप्तियों को चस्पा किया जाता है।
- इसी नवाचार प्रकोष्ठ द्वारा पिछले दो सत्रों से नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिये अभिप्रेरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय में वर्षभर संचालित होने वाली गतिविधियों, कार्यक्रमों, विभिन्न सरकारी योजनाओं, समितियों, सुविधाओं, नवाचारों तथा अन्य शैक्षणिक/सह–शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी जाती है। साथ ही महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों/समिति प्रभारियों से संवाद कर परिचय भी कराया जाता है।

दिनांकः 24.02.2020

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय बून्दी (राज)




दैनिक भास्कर
19-Feb-2020
बूंदी Page 3

## पीजी कॉलेज में पांचवां कैंपस प्लेसमेंट शिविर लगाया



**बूंदी.** पीजी कॉलेज के सेमिनार हॉल में नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ के माध्यम से स्नातक व स्नातकोत्तर उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए सत्र का पांचवां कैंपस प्लेसमेंट शिविर लगाया गया। प्लेसमेंट शिविर के उद्घाटन सत्र में प्राचार्य जेके जैन ने एनआईआईटी जयपुर और द बीगनर्स का कॉलेज में आने पर स्वागत किया। प्रभारी बीके शर्मा ने एनआईआईटी जयपुर एवं द बीगनर्स टीम का स्वागत करते हुए आशार्थियों को सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस शिविर में 48 आशार्थियों ने भाग लिया। महाविद्यालय के इस प्रकोष्ठ की ओर से विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है तथा इस सत्र में अब तक 12 छात्र-छात्राओं को बैंक और प्राइवेट क्षेत्रों में नौकरी दी जा चुकी है। समिति सदस्य डॉ. डीके राठौड़, डॉ. संजय भल्ला, राजेंद्र, ज्योति व डॉ. नितिकासिंह मौजूद रहे।


POCO
SHOT ON POCO F1
2019/10/16 14:02


Guest
राजकीय महाविद्यालय, बून्दी
नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ
Media
POCO
SHOT ON POCO F1
2020/2/18 11:21

<u>राजस्थान सरकार</u>

# <u>कालेज शिक्षा विभाग, जयपुर</u>

**विद्यार्थी हित–केन्द्री अथवा संस्था/संकाय सदस्य विकास हेतु राजकीय महाविद्यालयों द्वारा क्रियान्वित/प्रारम्भ किये गये श्रेष्ठ कार्य (Best Practice)/कार्यक्रम/नवाचार की जानकारी प्रेषित करने का प्रारूप**

6. महाविद्यालय का नाम : राजकीय महाविद्यालय बून्दी
7. स्थान का नाम एवं जिला : स्थान : बून्दी जिला : बून्दी
8. क्या महाविद्यालय 2f एवं 12B मान्यता प्राप्त है? : 2f हॉ ☐ नही ☐ 12B हॉ ☐ नही ☐
9. महाविद्यालय द्वार क्रियान्वित/प्रारम्भ किया गया श्रेष्ठ कार्य (Best Practice)/कार्यक्रम/नवाचार का नामः (अधिकतम 03 का उल्लेख करे):
   A विद्यार्थी हित – केन्द्री : **कैंपस प्लेसमेन्ट शिविर**
   B संकाय सदस्य – केन्द्रित कार्यक्रमः **शिक्षक दक्षता संवर्द्धन कार्यशाला**
   C संस्था – केन्द्रित कार्यक्रमः **विद्यार्थियों की उपलब्धियां एवं मूल्यांकन कार्यशाला**

10. **क्रियान्वित/प्रारम्भ किये गये श्रेष्ठ कार्य (Best Practice)/कार्यक्रम/नवाचार का विवरण :– शिक्षक हित–केन्द्री नवाचार**

## <u>B. कोटा संभाग स्तरीय शिक्षक दक्षता संवर्द्धन कार्यशाला</u>

### A (Best Practice) नवाचार के प्रारम्भ होने की तिथि एवं वर्ष : 4 से 5 नवम्बर 2019

(आयुक्तालय पत्रांक CCE/ISDC/RACE/FDP/2019/1415 दिनांक 21.10.2019)

### B (Best Practice) नवाचार को प्रारम्भ करने के उददेश्य :–

- नवपदस्थापित संकाय सदस्यों में गुणवत्ता अभिवृद्धि करना।
- शिक्षकों में विषयपरक ज्ञान अभिवृद्धि के साथ–साथ महाविद्यालयों में उनके अन्य सकारात्मक सहयोग यथा– विद्यार्थियों की मैंटरिंग, काउन्सिलिंग, उनके कैरियर निर्माण हेतु मार्गदर्शन इत्यादि हेतु तैयार करना।
- शिक्षकों द्वारा महाविद्यालयों के प्रशासनिक एवं नियमित कार्यों में अपेक्षानुरूप योगदान, शोध प्रवृति विकास आदि का प्रशिक्षण प्रदान करना।
- शिक्षकों में क्षमता विकास, आत्मविश्वास अभिवृद्धि एवं नेतृत्व दक्षता का विकास करना।

### C क्रियान्वयन की रूपरेखा/योजना प्रारूपः–

- सर्वप्रथम महाविद्यालय द्वारा इस नवाचार की क्रियान्विति हेतु नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ दिलीप कुमार राठौड़, सहायक आचार्य–वनस्पति शास्त्र को समन्वयक नियुक्त किया गया। साथ ही इस कार्यक्रम की तिथि 04–05 सितम्बर 2019 का निर्धारण कर इसके सफल आयोजन हेतु आदेश क्रमांक जीसीबी/नवाचार/2019/4006 दिनांक 19.10.2019 के अन्तर्गत विभिन्न समितियां गठित कर प्रभारी अधिकारी एवं सदस्य नियुक्त किये गये।
- गठित समिति के प्रभारी अधिकारियों की दिनांक 01.11.2019 को इस कार्यक्रम आयोजन के संबन्ध में आवश्यक मीटिंग आयोजन कर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। आंमन्त्रित वक्ताओं को समिति की सर्वसम्मति से रू 500/– प्रति व्याख्यान देने का निर्णय लिया गया।प्राचार्य की अध्यक्षता में आहुत बैठक में सभी प्रतिभागियों के नाश्ते एवं दिन के भोजन की व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक खर्च हेतु महाविद्यालय की छात्र–निधि मद के अन्तर्गत राशि स्वीकृत की गई।
- श्रीमान् सहायक निदेशक, क्षैत्रीय कार्यालय कोटा के सहयोग से कोटा संभाग के प्रत्येक राजकीय महाविद्यालय से अधिकतम दो नवपदस्थापित संकाय सदस्यों में से कुल 35 नाम आंमन्त्रित कर आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर के पत्रांक CCE/ISCE/FDP/2019/1394 दिनांक 17.10.2019 द्वारा आदेशित किया गया।
- इस कार्यशाला में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान के प्रतिनिधि के रूप में डॉ के एम गवेन्द्रा, सहायक निदेशक, क्षैत्रीय कार्यालय कोटा, विशिष्ट अतिथि डॉ पी के सालोदिया,

प्राचार्य राजकीय कन्या महाविद्यालय बून्दी, डॉ ए एम कुरैशी, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय कोटा उपस्थित रहे।

- कार्यक्रम का विस्तृत विवरण तैयार कर संबधित विषय के वक्ताओं को आंमन्त्रित किया गया, जो निम्न प्रकार से है–

| **दिनांक 04 नवम्बर 2019, सोमवार – प्रथम दिवस** | | |
|---|---|---|
| प्रातः 09:00 से 10:00 बजे | पंजीकरण | ई क्लास |
| प्रातः 10:00 से 11:00 बजे | उद्घाटन | ई क्लास |
| प्रातः 11:00 से 11:30 बजे | | जलपान |
| प्रातः 11:30 से 12:30 बजे | प्रथम सत्र | समूह गतिविधि – प्रथम<br>**परिचय एवं कार्यक्रम प्रारूप** |
| दोपहर 12:30 से 01:30 बजे | द्वितीय सत्र | राजकीय सेवा में देय अवकाश के प्रकार एवं नियम तथा ए.सी.आर. भरना |
| दोपहर 01:30 से 02:15 बजे | | भोजनावकाश |
| दोपहर 02:15 से 02:45 बजे | तृतीय सत्र | समूह गतिविधि – द्वितीय<br>**Dream of Excellent Institution** |
| दोपहर 02:45 से 03:45 बजे | चतुर्थ सत्र | व्यक्तित्व विकास के विभिन्न आयाम |
| दोपहर 03:45 से 04:45 बजे | पंचम सत्र | संवाद कौशल |
| सायं 04:45 से 05:00 बजे | | जलपान |
| सायं 05:00 से 05:30 बजे | षष्टम् सत्र | महाविद्यालयों में क्रय संबंधी लेखा नियम एवं प्रक्रियाए |
| **दिनांक 05 नवम्बर 2019, मंगलवार – द्वितीय दिवस** | | |
| प्रातः 10:00 से 11:00 बजे | सप्तम् सत्र | शिक्षण में प्रौद्यौगिकी अनुप्रयोग एवं आवश्यकताएं |
| प्रातः 11:00 से 12:00 बजे | अष्टम् सत्र | महाविद्यालयी दायित्व एव अपेक्षाएं |
| प्रातः 12:30 से 12:15 बजे | | जलपान |
| दोपहर 12:15 से 01:15 बजे | नवम् सत्र | कार्यालय टिप्पणी, पत्रावली संधारण, कार्यालय आदेश, ई–पोर्टल, एसएसओ आईडी एवं आईपीआर |
| दोपहर 01:15 से 02:15 बजे | दशम् सत्र | सूचना का अधिकार |
| दोपहर 02:15 से 03:00 बजे | | भोजनावकाश |
| दोपहर 03:00 से 03:30 बजे | एकादश सत्र | समूह गतिविधि – तृतीय<br>**महाविद्यालय विकास में योगदान की योजनाएं** |
| दोपहर 03:30 से 04:30 बजे | द्वादश सत्र | अभिव्यक्ति एवं योजना निमार्ण प्रस्तुति |
| सायं 04:30 से 05:00 बजे | जलपान | समापन सत्र |

- यह आमुखीकरण कार्यशाला डॉ विनोद भारद्वाज, प्रभारी नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई।
- कार्यशाला की नियमित फोटाग्राफी एवं न्यूज कवरेज की गई।

- सभी प्रतिभागियों को अन्तिम दिवस पर समापन समारोह में प्रमाण–पत्र प्रदान किये गये।
- सभी प्रतिभागियों द्वारा कार्यशाला में आयोजित समूह गतिविधियों भाग लेते हुये अपने सुझाव दिये
- प्रतिभागियों से प्रत्येक सत्र की गतिविधि एवं व्याख्यानों का **(संलग्न)** तथा Workshop cum Training (CTC) फीडबैक लिया गया। **(संलग्न)।**
- कार्यशाला में आदेशित सभी संकाय सदस्यों हेतु समिति के माध्यम से आवास एवं भोजन व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

**D वित्तीय संसाधनः आवश्यकता स्त्रोत एवं व्ययः–**

राजकीय महाविद्यालय बून्दी द्वारा इस कार्यशाला हेतु छात्र–निधि मद से कुल खर्च राशि रु 31205/– स्वीकृत की गई।

***आवश्यकताः***

- कार्यशाला किट (फोल्डर, पेन, पेड) एवं स्टेशनरी।
- फोटोग्राफी, विडियोग्राफी, फ्लेक्स बेनर, स्मृति चिन्ह, नाश्ता व भोजन व्यवस्था।
- आंमन्त्रित वक्ताओं हेतु मानदेय।

***स्त्रोतः***

- महाविद्यालय परिसर में अवस्थित ई–क्लास में आयोजन किया गया।
- कार्यशाला की क्रियान्विति के लिये आर्थिक सहायता छात्र–निधि मद से ली गई।

***व्ययः***

- **कार्यशाला के आयोजन में स्टेशनरी, फोटो व वीडियोग्राफी, नाश्ता व भोजन तथा आमंन्त्रित वक्ताओं के मानदेय व अन्य में कुल रु 31205/– का व्यय किया गया।**

**E (Best Practice) नवाचार से लाभार्थी कौन ?** ***कोटा संभाग के राजकीय महाविद्यालयों में विभिन्न विषयों में नवनियुक्त सहायक आचार्य।***

**F (Best Practice) नवाचार की क्रियान्वित में संलग्न मानव संसाधन (प्रत्येक कार्यक्रमवार संलग्न व्यक्तियों के नामों का उल्लेख करे) :**

राजकीय महाविद्यालय बून्दी में शिक्षक हितार्थ ऐसी कार्यशाला का आयोजन प्रथम बार किया गया है जिसको सम्पन्न कराने में अहम एवं सक्रिय भूमिका समन्वयक डॉ दिलीप कुमार राठौड़, सहायक आचार्य–वनस्पति शास्त्र ने निभाई। साथ ही इस कार्यशाला में योजनानुरूप निम्न व्यक्तियों ने अपनी सार्थकता सिद्ध करते हुये कार्यशाला को सफल बनाया–

- आयुक्तालय प्रतिनिधि के रूप में डॉ के एम गवेन्द्रा, सहायक निदेशक, क्षैत्रीय कार्यालय कोटा के निर्देशन में यह कार्यशाला सम्पन्न हुई।
- नवाचार एंव कौशल विकास प्रकोष्ठ, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान के प्रभारी डॉ विनोद भारद्वाज द्वारा विभिन्न सत्रों में समूह गतिविधियों तथा कार्यशाला के उद्देश्यों की प्राप्ति में अहम योगदान दिया।
- प्रतिभागियों का पंजीकरण– श्री सुनील मीना, सहायक आचार्य–भौतिक शास्त्र एवं श्री मोहम्मद शाकिर, सहा आचार्य–उर्दू।
- कम्प्यूटर सहायक– श्री दिलशाद शेरवानी।
- कार्यशाला के सफल आयोजन के लिये गठित समितिः–
- आवास व्यवस्था समिति–डॉ आर. सी. मीणा, प्रभारी
  - डॉ भारतेन्दू गौतम, सदस्य
  - डॉ नरेश कुमार शर्मा, सदस्य
- बेनर एवं प्रमाण–पत्र लेखन समिति– डॉ दिनेश कुमार वर्मा, प्रभारी
  - डॉ आशीष श्रृंगी, सदस्य
  - डॉ. संजय भल्ला, सदस्य

- फोटोग्राफी एवं प्रेस मीडिया समिति– डॉ सीमा कश्यप, प्रभारी एवं महाविद्यालय समिति सदस्य
- अल्पाहार एंव पेयजल समिति– डॉ संदीप यादव, प्रभारी एवं सदस्य– डॉ जुबेर खान, सदस्य; श्री रामदेव मीणा, सदस्य; श्री मनोज कुमार टटवाल; सहायक कर्मचारी– श्री शिवशंकर, सहायक कर्मचारी; श्री रोहन कुमार।

- कार्यशाला में आमंन्त्रित वक्ताओं निम्न शीषर्क एवं गतिविधियों पर व्याख्यान दिये गये–

| | |
|---|---|
| समूह गतिविधि – प्रथम<br>**परिचय एवं कार्यक्रम प्रारूप** | **डॉ. विनोद कुमार भारद्वाज,** आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर |
| राजकीय सेवा में देय अवकाश के प्रकार एवं नियम तथा ए.सी.आर. भरना | **श्री गजेन्द्र कुमार**<br>सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I<br>उपकोष कार्यालय–हिण्डोली |
| समूह गतिविधि – द्वितीय<br>**Dream of Excellent Institution** | **डॉ. विनोद कुमार भारद्वाज,** आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर |
| व्यक्तित्व विकास के विभिन्न आयाम | श्री राहुल माखीजा, ट्रेनर एवं फेकल्टी ICAI & ICSI, कोटा |
| संवाद कौशल | श्री राहुल माखीजा, ट्रेनर एवं फेकल्टी ICAI & ICSI, कोटा |
| महाविद्यालयों में क्रय संबंधी लेखा नियम एवं प्रक्रियाए | **श्री गजेन्द्र कुमार**<br>सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I<br>उपकोष कार्यालय–हिण्डोली |
| शिक्षण में प्रौद्यौगिकी अनुप्रयोग एवं आवश्यकताएं | **डॉ. समीर शर्मा**<br>सह आचार्य, प्राणी शास्त्र<br>राजकीय महाविद्यालय, सवाई माधोपुर |
| महाविद्यालयी दायित्व एव अपेक्षाएं | **डॉ. सुनील भार्गव**<br>सेवानिवृत प्राचार्य, कोटा |
| कार्यालय टिप्पणी, पत्रावली संधारण, कार्यालय आदेश,<br><br>ई–पोर्टल, एसएसओ आईडी एवं आईपीआर | **श्री भंवर सिंह सौलंकी**<br>अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी<br><br>**डॉ. दिलीप कुमार राठौड़**<br>सह आचार्य, वनस्पति शास्त्र<br>राजकीय महाविद्यालय, बून्दी |
| सूचना का अधिकार | **श्री गजेन्द्र कुमार**<br>सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I<br>उपकोष कार्यालय–हिण्डोली |
| समूह गतिविधि – तृतीय<br>**महाविद्यालय विकास में योगदान की योजनाएं**<br>अभिव्यक्ति एवं योजना निमार्ण प्रस्तुति | **डॉ. विनोद कुमार भारद्वाज,** आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर |

## G क्रियान्वयन के दौरान चिन्हित समस्याएं एवं समाधान –

***समस्याए:***

**राजकीय महाविद्यालयों में शिक्षकों में गुणात्मक अभिवृद्धि एवं संस्था में प्रशासनिक कार्यों को सुगमता व बेहतर तरीके से करने के लिये ऐसी कार्यशाला की सार्थकता अति–आवश्यक है। महाविद्यालय द्वारा इसे लागू करने में किसी प्रकार की समस्याओं का सामना नहीं करना पडा।**

*समाधान :* **NIL**

**H क्रियान्वयन से लाभ/उपलब्धि :**

- राजकीय महाविद्यालय बून्दी के लिये गौरव की बात है कि उक्त कार्यशाला राजस्थान में अजमेर व जोधपुर के बाद तीसरी तथा कोटा संभाग की ऐसी प्रथम कार्यशाला का आयोजन यहां किया गया।
- महाविद्यालय के NAAC Accreditation तथा आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान द्वारा होने वाले वार्षिक अंकेक्षण कार्यक्रम में श्रेणी सुधार में यह कार्यशाला अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगी।
- राजकीय महाविद्यालय बून्दी के तीन नवीन पदस्थापित शिक्षकों ने भी इस कार्यशाला में भाग लेकर लाभ प्राप्त किया।
- नवीन पदस्थापित शिक्षकों को राजकीय महाविद्यालयों में नियमित रूप से होने वाली गतिविधियों, प्रशासनिक कार्यों, विभिन्न पत्रावलियों, सेवा नियमों, लेखा एवं कर नियमों, सूचना तकनीकों तथा उच्च शिक्षा में संचालित विभिन्न पॉर्टल, सूचना का अधिकार, व्यक्तित्व विकास से सम्बन्धित विभिन्न कौशलों इत्यादि के बारें में उपयोगी जानकारी दी गई। जिससे प्रतिभागी बहुत प्रभावित हुये तथा ऐसी कार्यशाला सभी शिक्षकों को कराने का सुझाव भी दिया गया।

**I (Best Practice) नवाचार की लाभार्थी वर्ग तक जानकारी पहुॅंचाने हेतु किये गये प्रचार–प्रसार का माध्यम एवं पुनरावृति –**

- श्रीमान् सहायक निदेशक, क्षैत्रीय कार्यालय कोटा के सहयोग से कोटा संभाग के प्रत्येक राजकीय महाविद्यालय से अधिकतम दो नवपदस्थापित संकाय सदस्यों के नाम भिजवाने हेतु निवेदन किया गया।
- कोटा संभाग के राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य से समन्वयक डॉ दिलीप कुमार राठौड़ द्वारा मोबाईल से सम्पर्क स्थापित करके भी शिक्षकों के नाम लिये गये।
- आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान द्वारा प्रतिभागियों की सूची अनुमोदित एंव आदेशित होने के बाद सभी प्रतिभागियों के महाविद्यालयों के ई–मेल पर भी सूचना प्रेषित की गई।
- स्थानीय समाचार पत्रों मे प्रकाशन किया गया। (प्रति संलग्न)

**J (Best Practice) नवाचार का फोटो/वीडियों रिकार्ड हो तो संलग्न करे –** ***फोटो संलग्न।***

**K (Best Practice) नवाचार के लिये किसी विभाग/संस्था/गणमान्य व्यक्ति द्वारा दिया गया प्रशस्ति पत्र अथवा सार्वजनिक उल्लेख –**

- उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार के **आकाशि** न्यूज लैटर नवम्बर 2019 (प्रथम अंक) **हमारी उपलब्धियां** के तीसरे पेज पर इस कार्यशाला का मय फोटो विवरण प्रकाशित है।
- आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के प्रतिनिधि डॉ के एम गवेन्द्रा द्वारा राजकीय महाविद्यालय बून्दी के इस प्रयास का कार्यशाला के समापन दिवस पर सराहना की गई।

**L लाभार्थी वर्ग की प्रतिक्रिया –** प्रतिभागियों से प्रत्येक सत्र की गतिविधि एवं व्याख्यानों का **(संलग्न)** तथा Workshop cum Training (CTC) फीडबैक लिया गया। **(संलग्न)।**

**M अन्य प्रतिक्रिया – ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन प्रत्येक जिले के नोडल केन्द्र पर आयोजित होनी चाहिये, जिसमें महाविद्यालय में संचालित दैनिक गतिविधियों/कार्यक्रमों/विभिन्न ई–पोर्टल इत्यादि के संचालन की जानकारी सभी शिक्षकों को दी जानी चाहिये।**

**N विशेष उल्लेख –**

राजकीय महाविद्यालय बून्दी के नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ द्वारा ऐसे नवाचारो को भविष्य मे जारी रखकर न केवल शिक्षक हित बल्कि समाज एवं राष्ट्रहित को सर्वोपरी रखते हुये सदैव प्रयासरत रहेगा। महाविद्यालय में शिक्षक हितार्थ अन्य निम्न प्रयास किये गये है–

- महाविद्यालय के 03 शिक्षकों (डॉ दिलीप कुमार राठौड़–वनस्पति शास्त्र, डॉ मनोज कुमार रावत–वनस्पति शास्त्र, डॉ पूर्णचन्द उपाध्याय–संस्कत) के नाम आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान द्वारा मोबाईल द्वारा अपने विषय के व्याख्यानों को रिकॉर्ड कर महाविद्यालय के YouTube Channel **CCERAJGCBUNDI CLASS** पर अपलोड किये जा रहे है। अब तक 51 व्याख्यान रिकॉर्ड किये जा चुके है जिसमें से 21 अपलोड कर चुके है।
- महाविद्यालय में स्थापित ई–क्लास के माध्यम में संकाय सदस्यों द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी के शिक्षा में उपयोगिता को देखते हुये अब तक 49 ई–व्याख्यानों का लाइव प्रसारण कर रिकॉर्ड करवा चुके है।
- रेस योजनान्तर्गत बूंदी जिले के नोडल केन्द्र के रूप में राजकीय कन्या महाविद्यालय बून्दी के संयुक्त प्रयास से शिक्षक हितार्थ **'ई–शिक्षाः अवसर एवं चुनौतियां'** विषय पर दिनांक 04 सितम्बर 2019 को एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया।
- रेस योजनान्तर्गत महाविद्यालय में दिनांक 14 जनवरी 2019 को **'प्राचार्य–शिक्षक संवाद कार्यक्रम'** का आयोजन किया गया।
- शिक्षकों के अकादमिक उत्कृष्टता हेतु महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग में कार्यरत डॉ दिलीप कुमार राठौड़, सहायक आचार्य, श्री राजेन्द्र प्रसाद, सहायक आचार्य एवं डॉ पदम चन्द भाटी, सहायक आचार्य, प्राणी शास्त्र ने **'Recent Trends in Environmental Sustainability and Green Practices'** विषय पर नेशनल कान्फ्रेन्स का आयोजन किया।

दिनांकः– 24.02.2020

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय बून्दी (राज)


राजकीय महाविद्यालय, बून्दी (राज.)
कोटा संभाग स्तरीय
शिक्षक दक्षता संवर्द्धन कार्यक्रम
नवम्बर 4–5, 2019


कोटा संभाग स्तरीय
शिक्षक दक्षता संवर्द्धन कार्यक्रम
नवम्बर 4–5, 2019


राजकीय महाविद्यालय, बून्दी (राज.)
कोटा संभाग स्तरीय
शिक्षक दक्षता संवर्द्धन कार्यक्रम
नवम्बर 4–5, 2019


राजकीय महाविद्यालय, बून्दी (राज.)
कोटा संभाग स्तरीय
शिक्षक दक्षता संवर्द्धन कार्यक्रम
नवम्बर 4–5, 2019

## दो दिवसीय शिक्षक दक्षता संवर्धन कार्यशाला शुरू

# व्यक्तित्व विकास एवं संवाद कौशल पर दिया व्याख्यान

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**बूंदी.** राजकीय महाविद्यालय में कोटा संभाग स्तरीय शिक्षक दक्षता संवर्धन कार्यक्रम के तहत सोमवार को दो दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला शुरू हुई।

कार्यशाला में अतिथि के रूप में पर्यवेक्षक विनोद कुमार भारद्वाज, कोटा महाविद्यालय के प्राचार्य रफीक कुरैशी, कला महाविद्यालय प्राचार्य अनीता गुप्ता, बूंदी पीजी कॉलेज के प्राचार्य जे. के. जैन, कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य पी. के. सालोदिया मंचासीन थे। कोटा सभांग के राजकीय महाविद्यालयों के नवीन पदस्थापित 32 सहायक आचार्यो ने भाग लिया। प्राचार्य जैन द्वारा स्वागत भाषण दिया गया।



बूंदी के पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित व्याख्याता। कार्यशाला को सम्बोधित करते वक्ता।

कार्यक्रम संयोजक दिलीप कुमार राठौड़ द्वारा कार्यक्रम के बारे में विस्तृत में जानकारी दी गई। कार्यशाला के पहले दिन हिण्डोली के सहायक लेखाधिकारी गजेंद्र कुमार द्वारा राजस्थान सेवा नियम पर विस्तृत से जानकारी दी गई। कोटा से आए ट्रेनर रोहित मखीजा ने व्यक्तित्व विकास के विभिन्न आयामों एवं संवाद कौशल पर विस्तृत से व्याख्यान दिया। इस मौके पर कई सामूहिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। अंत में वरिष्ठ व्याख्याता एन. के. जेतवाल ने आभार जताया।

### आज नियमों के बारे में देंगे जानकारी

कार्यशाला के दूसरे दिन मंगलवार को लेखा संबंधी नियमों, महाविद्यालय के दायित्व एवं अपेक्षाएं, शिक्षा में सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग सहित अन्य वेब पोर्टल तथा सूचना के अधिकार संबंधित जानकारी दी जाएगी।